# संस्था

# का

# वार्षिक

# प्रतिवेदन

क्र. 1863, दिनांक 17 दिसम्बर, 2002

# ग्रामीण विकास समिति,

प्रशा. कार्यालय – कालेज वार्ड–54 गोल चौक, रोहिनीपुरम, डंगनिया, रायपुर (छ.ग.)
Mob no.9009205000, 91315-45441 E-mail:- graminvs@yahoo.in,www.graminvikassamiti.org.in

## –: वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2018–19 :–

## 01 एकीकृत जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रम IWMP :–

संस्था द्वारा IWMP परियोजना अंतर्गत महानदी अंगीरा ऋषि परियोजना नगरी IWMP-5 विकासखण्ड – नगरी, जिला– धमतरी का संचालन वर्ष 2010–11 से लगातार सफलतापूर्वक किया जा रहा हैं। परियोजना अंतर्गत कुल 10 ग्राम पंचायत सम्मिलित है, 10 ग्राम पंचायत अंतर्गत 17 ग्राम सम्मिलित है। परियोजना का कुल उपचारित क्षेत्रफल 3420 हेक्टे. है परियोजना हेतु कुल स्वीकृत लागत 410.40 लाख रूपये है। वर्ष 2017–18 में सम्मिलित ग्रामों में अभिसरण अंतर्गत कुल 20 कार्य हैं, जिनकी लागत 149.210 लाख रूपये हैं। जिसमें से 07 कार्य जैसे स्लूज गेट निर्माण, इनलेट निर्माण व लूज बोल्डर चेक, प्रोटेक्शन वाल, उलट निर्माण कार्य वर्ष 2018–19 में पूर्ण हुआ।





कार्य का नाम – स्लूज गेट निर्माण कार्य व इनलेट निर्माण

**IWMP परियोजना अंतर्गत वर्ष 2018–19 में पूर्ण कार्यो का विवरण निम्नानुसार हैं :–**

| क. | कार्य का नाम | संख्या | स्वीकृत लागत (लाख में) | | | कार्य की स्थिति | सिंचित रकबा (हेक्ट.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | IWMP | MGNREGA | योग | | |
| 1 | चेकडेम निर्माण | 02 | 21.58 | 8.95 | 30.53 | पूर्ण | 15 |
| 2 | स्लूज गेट निर्माण | 01 | 6.56 | 2.43 | 8.99 | पूर्ण | 12 |
| 3 | इनलेट निर्माण | 02 | 6.63 | 1.82 | 8.45 | पूर्ण | - |
| 4 | प्रोटेक्शन वाल | 01 | 7.80 | 5.60 | 13.40 | पूर्ण | - |
| 5 | उलट निर्माण | 01 | 3.82 | 1.56 | 5.38 | पूर्ण | - |
| योग | | **07** | **46.39** | **20.36** | **66.75** | | **53** |

➢ **चेकडेम निर्माण कार्य :–** परियोजना अंतर्गत वर्ष 2017–18 हेतु कुल 4 नग चेकडेम निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है। स्वीकृत कार्य अभिसरण (Convergence) के अंतर्गत कराये गये हैं। जिस हेतु IWMP से 33.07 लाख रूपये एवं MGNREGA से 11.50 लाख रू. कुल 44.58 लाख रू. की स्वीकृत प्राप्त हुई है। जिसमें कार्य 02 पूर्ण व 02 कार्य वर्ष 2018–19 में पूर्ण किया गया। हैं।

| क. | मा.वा.शेड | स्वी. चेकडेम संख्या | स्वी. लागत | सिचिंत रकबा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | घटुला | 01 | 19.98 | 04 |
| 2 | सेमरा | 01 | 10.55 | 04 |
| कुल योग | | **02** | **30.53** | **08** |




**कार्य का नाम – चेकडेम निर्माण**

चेकडेम निर्माण किये जाने से कृषको को सिचांई हेतु लाभ प्राप्त हो रहा हैं – जिसमें लगभग 12 कृषको को 15 हेक्टे. भूमि सिंचित होगी। साथ ही जल संरक्षण व मृदा संरक्षण भी हो रहा हैं।

➢ **स्लूज गेट निर्माण :–**

वर्ष 2017–18 में परियोजनातंर्गत सम्मिलित ग्राम – पंडरीपानी में सिंचाई कार्य में सुगमता हेतु तालाब में 01 स्लूज गेट निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति प्राप्त हुआ था। स्वीकृत कार्य अभिसरण (Convergence) के माध्यम से पूर्ण कराया जा रहा हैं। जिसमें IWMP से 6.56 लाख रूपये एवं MGNREGA से 2.43 लाख रूपये 8.99 लाख रू. का आंबटन प्राप्त हुआ हैं। जिसे वर्ष 2018–19 में पूर्ण किया गया।



**स्लूज गेट निर्माण**

स्लूज गेट निर्माण किये जाने से कृषको द्वारा आवश्यकतानुसार जल का उपयोग सिंचाई हेतु किया जा सकेगा जिससे लगभग 42 कृषको को 110 हेक्टे. सिचांई हेतु लाभ होगा। स्लूज गेट निर्माण से जल का दुरूपयोग नही होगा और जल संरक्षण में भी वृद्धि होगी।

- **तालाब में इनलेट निर्माण :–** वर्ष 2017–18 में परियोजनातंर्गत सम्मिलित माइक्रोवाटर शेड ग्राम – सिहावा, भीतररास, पांवद्वार, पाईकभाठा के तालाब में अभिसरण (Convergence) अंतर्गत इनलेट निर्माण हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिस हेतु IWMP से 18.33 लाख रू. एवं MGNREGA से 4.93 लाख रू. कुल 23.26 लाख रू. का आंबटन प्राप्त हुआ था। जिसमें 02 कार्य वर्ष 2018–19 में पूर्ण कराया गया। इनलेट निर्माण किये जाने से व्यर्थ बहकर जाने वाले जल को सुनिश्चित ढंग से तालाब में भंडारण किया जा रहा हैं। वर्षा ऋतु में जल बहाव के साथ आने वाले मृदा एवं अन्य वस्तुओ को तालाब में आने से रोका जा सकेगा जिससे तालाब के भंडारण क्षमता में वृद्धि होगी।

| क. | मा.वा.शेड | इनलेट निर्माण की संख्या | स्वी. लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | भीतररास | 02 | 8.45 |
| कुल योग | | **02** | **8.45** |



**मा.वा.शेड – भीतररास**



**मा.वा.शेड – भीतररास**

- **प्रोटेक्शन वॉल कार्य :–**

वर्ष 2017–18 में परियोजना क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम– सेमरा में प्रोटेक्शन वॉल (तटबंध) निर्माण किये जाने हेतु अभिसरण अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त हुआ था। स्वीकृत निर्माण कार्य IWMP से 7.80 लाख रू. एवं MGNREGA से 5.60 लाख रू. कुल 13.40 लाख रू. की स्वीकृति प्राप्त हुई थी।

| क. | मा.वा.शेड | प्रोटेक्शन वाल की संख्या | स्वी. लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | सेमरा | 01 | 13.40 |
| कुल योग | | **01** | **13.40** |

 

सेमरा निर्माण कार्य

## ➢ तालाब में उलट निर्माण कार्य :–

वर्ष 2017–18 में परियोजना क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम– सेमरा में तालाब में उलट निर्माण कार्य किये जाने हेतु अभिसरण अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त हुआ था। स्वीकृत निर्माण कार्य IWMP से 3.82 लाख रू. एवं MGNREGA से 1.56 लाख रू. कुल 5.38 लाख रू. की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिसे वर्ष 2018–19 में पूर्ण किया गया।

| क. | मा.वा.शेड | उलट निर्माण की संख्या | स्वी. लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | सेमरा | 01 | 5.38 |
| **कुल योग** | | **01** | **5.38** |

 

## 02 सी.एस.आर. प्रोजेक्ट (CSR Project) :–

हमारी संस्था ग्रामीण विकास समिति द्वारा राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में सम्मिलित ग्रामों के निरीक्षण उपरांत लगभग 80 ग्रामों में पानी की ज्वलंत समस्या पाई गयी, जिसके निवारण हेतु ग्रामों से प्रस्ताव लेकर ग्राम मे उपलब्ध तालाबों के गहरीकरण किये जाने हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। तालाब गहरीकरण का कार्य 60 ग्रामों में किया गया, जिससे 02 कंपनी द्वारा कार्य सम्पादित किया गया। जो निम्नानुसार हैं।

| क. | कंपनी का नाम | ग्रामों की संख्या | कार्य का नाम | लगत राशि (लाख में) | कार्य स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | United Spirits (DIAGEO) Co.Ltd. | 30 | तालाब गहरीकरण कार्य | 15000000.00 | पूर्ण |
| 2 | Pernod ricard India Limited | 30 | | 15000000.00 | पूर्ण |
| **Total** | | **60** | | **300000000.00** | |












### ➢ United Spirits (DIAGEO) Co.Ltd :-

संस्था द्वारा लगभग 60 ग्रामों जो कि पानी की समस्या से अत्यन्त प्रभावित वे उनका प्रस्ताव व प्राक्कलन तैयार कर कार्यो का संपादन CSR के माध्यम से किये जाने हेतु United Spirits (DIAGEO) Co.Ltd. को अपना प्रस्ताव प्रेषित किया गया। तत्पश्चात् संबंधित CSR मद प्रदायित करने वाले कंपनी के उच्चाधिकारियों से संपर्क स्थापित कर संबंधित ग्रामों की समस्याओं से अवगत कराया गया।

United Spirits (DIAGEO) Co.Ltd. द्वारा समस्त दस्तावेजों व ग्रामों की समस्याओं के अवलोकन पश्चात् राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के 30 ग्रामों में 1,5000000/- (एक करोड़ पचास लाख रूपये) की लागत से तालाब गहरीकरण किये जाने की स्वीकृति प्रदाय की गई। जिसके पश्चात् संस्था द्वारा चयनित ग्रामों में तालाब गहरीकरण कार्य संपादित किया गया जिससे संबंधित तालाबों में वर्षा ऋतु में अधिक पानी एकत्रित हो सके और जल संग्रहण किया जा सके जिससे भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होगी।









तालाब गहरीकरण कार्य फोटोग्राफ्स

भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होने से संबंधित ग्रामों की भूमि में नयी बनी रहेगी पेयजल की समस्या में कमी आई है साथ ही खेती में सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता भी बनी है एवं फसल उत्पादन में वृद्धि हुई हैं।

## तालाब गहरीकरण के पूर्व की स्थिति –

तालाब गहरीकरण के पूर्व तालाब का पानी ग्रीष्म ऋतु आने के पूर्व ही सुख जाता था, जिसके कारण गांव वालों के कई परेशानीयों का सामना करना पड़ता है, सिंचाई हेतु पर्याप्त जल नही मिल पाता था, जिसके कारण ग्रीष्म ऋतु के फसल व सब्जी बोने में परेशानीयां होती थी। साथ ही पशुओं और पक्षीयों को पेयजल नही मिल पाता हैं।

## तालाब गहरीकरण के बाद की स्थिति –

तालाब गहरीकरण के बाद तालाब में पानी के स्तर में वृद्धि हुई है, भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होने के साथ फसलों को पर्याप्त मात्रा में सिंचाई हो पा रही हैं। फसल उत्पादन में वृद्धि हुई हैं।

## तालाब गहरीकरण ग्रामों की सूची :-

| क. | ग्राम पंचायत का नाम | ग्राम का नाम | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | पटेवा | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 2 | इरईकला | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 3 | चिचोला | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 4 | टोलागांव | खैरागढ़ | पूर्ण |
| 5 | गोडलवाही | छूरिया | पूर्ण |
| 6 | शिकारीटोला | छूरिया | पूर्ण |
| 7 | भण्डारपुर | छूरिया | पूर्ण |
| 8 | दानीटोला | छूरिया | पूर्ण |
| 9 | रानीतराई | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 10 | आलीखुंटा, रानीतराई | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 11 | अंजोरा | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 12 | पेंड्री | वार्ड क. 3, राजनांदगांव | पूर्ण |
| 13 | कन्हारपुरी | वार्ड क.33, राजनांदगांव | पूर्ण |
| 14 | वार्ड कमांक –50 शीतला तालाब | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 15 | वार्ड कमांक – 24 मोती तालाब | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 16 | रेगाकंटरा | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 17 | लिटिया | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 18 | आरला | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 19 | परमालकसा | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 20 | उसरीबोड़ | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 21 | भोतिपार खुर्द | राजनांदगांव | पूर्ण |
| 22 | मुड़िया | डोगरगढ़ | पूर्ण |
| 23 | खुड़मुड़ी | डोगरगढ़ | पूर्ण |
| 24 | गाजमारा | डोगरगढ़ | पूर्ण |
| 25 | भड़सेना | अम्बागढ़ चौकी | पूर्ण |
| 26 | कोरछाटोला | अम्बागढ़ चौकी | पूर्ण |
| 27 | बड़े कुसमी | खैरागढ़ | पूर्ण |
| 28 | बलदेवपुर | खैरागढ़ | पूर्ण |
| 29 | लिमटोला | खैरागढ़ | पूर्ण |
| 30 | देवरछा | खैरागढ़ | पूर्ण |







## ➤ Pernod ricard India Limited :-

संस्था द्वारा लगभग 30 ग्रामों जो कि पानी की समस्या से अत्यन्त प्रभावित वे उनका प्रस्ताव व प्राक्कलन तैयार कर कार्यो का संपादन CSR के माध्यम से किये जाने हेतु Pernod ricard India Limited को अपना प्रस्ताव प्रेषित किया गया। तत्पश्चात् संबंधित CSR मद प्रदायित करने वाले कंपनी के उच्चाधिकारियों से संपर्क सीापित कर संबंधित ग्रामों की समस्याओं से अवगत कराया गया।

Pernod ricard India Limited द्वारा समस्त दस्तावेजों व ग्रामों की समस्याओं के अवलोकन पश्चात् राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के 30 ग्रामों में 1,5000000/– (एक करोड़ पचास लाख रूपये) की लागत से तालाब गहरीकरण किये जाने की स्वीकृति प्रदाय की गई। जिसके पश्चात् संस्था द्वारा चयनित ग्रामों में तालाब गहरीकरण कार्य संपादित किया गया जिससे संबंधित तालाबों में वर्षा ऋतु में अधिक पानी एकत्रित हो सके और जल संग्रहण किया जा सके जिससे भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होगी।










भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होने से संबंधित ग्रामों की भूमि में नयी बनी रहेगी पेयजल की समस्या में कमी आई है साथ ही खेती में सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता भी बनी है एवं फसल उत्पादन में वृद्धि हुई हैं।

## तालाब गहरीकरण के पूर्व की स्थिति –

तालाब गहरीकरण के पूर्व तालाब का पानी ग्रीष्म ऋतु आने के पूर्व ही सुख जाता था, जिसके कारण गांव वालों के कई परेशानीयों का सामना करना पड़ता है, सिंचाई हेतु पर्याप्त जल नही मिल पाता था, जिसके कारण ग्रीष्म ऋतु के फसल व सब्जी बोने में परेशानीयां होती थी। साथ ही पशुओं और पक्षीयों को पेयजल नही मिल पाता हैं।

## तालाब गहरीकरण के बाद की स्थिति –

तालाब गहरीकरण के बाद जल भंडारण के स्तर में वृद्धि फसल उत्पादन/सुरक्षा हेतु सिंचाई तथा सब्जी उत्पादन, हेतु संचित जल का उपयोग तथा निचले क्षेत्र की भूमि में अधिक समय (मई–जुन) तक नमी होने से हरियाली तथा आगामी वर्षो में जायद फसल की भी संभावना है। सबसे महत्वपूर्ण द्वितीय फसल के रूप में कुछ क्षेत्र में अन्य फसल/सब्जी उत्पादन किया जा रहा है।

## तालाब गहरीकरण ग्रामों की सूची :–

| क. | ग्राम पंचायत का नाम | ग्राम का नाम | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | सुकुल दाहियान | सुकुल दाहियान – 01 | पूर्ण |
| 2 | सुकुल दाहियान | सुकुल दाहियान – 02 | पूर्ण |
| 3 | सुकुल दाहियान | सुकुल दाहियान – 03 | पूर्ण |
| 4 | रूवाताला | रूवाताला | पूर्ण |
| 5 | इंदामारा | इंदामारा | पूर्ण |
| 6 | बांकल | बांकल | पूर्ण |
| 7 | भागुटोला | भागुटोला | पूर्ण |
| 8 | धमकी | धमकी | पूर्ण |
| 9 | जेवड़नकला | जेवड़नकला | पूर्ण |
| 10 | तारो | तारो | पूर्ण |
| 11 | बांधा | केसदा | पूर्ण |
| 12 | बांधा | बांधा | पूर्ण |
| 13 | घोंघा | घोंघा | पूर्ण |
| 14 | बोड़ला | बोड़ला | पूर्ण |
| 15 | बोरिया | बोरिया | पूर्ण |
| 16 | बाटीपथरा | बाटीपथरा | पूर्ण |
| 17 | खडोदा खुर्द | खडोदा खुर्द | पूर्ण |
| 18 | जोगीनवा गांव | जोगीनवा गांव | पूर्ण |
| 19 | बोड़ला खुर्द | बोड़ला खुर्द | पूर्ण |
| 20 | सांकरा | सांकरा | पूर्ण |
| 21 | बैगाटोला | बैगाटोला | पूर्ण |
| 22 | ठेकवा | ठाकुरटोला | पूर्ण |
| 23 | देवादा | देवादा –1 | पूर्ण |
| 24 | देवादा | देवादा –2 | पूर्ण |
| 25 | खपरीकला | खपरीकला | पूर्ण |
| 26 | बम्हनी | बम्हनी | पूर्ण |
| 27 | रिवागहन | रिवागहन | पूर्ण |
| 28 | पारीकला | पारीकला | पूर्ण |
| 29 | भानपुरी | भानपुरी | पूर्ण |
| 30 | नवागांव | नवागांव | पूर्ण |






## 03 स्वच्छ भारत अभियान 02 अक्टुबर 2018 :–

स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा 02 अक्टुबर 2014 से महात्मा गांधी की 145 वी जन्म दिवस के अवसर पर प्रारंभ किया गया, एक राजनीति मुक्त देशभक्ति से प्रेरित अभियान है तथा स्वच्छ भारत अभियान की

सबसे बड़ी सफाई अभियान हैं। गांव के ग्रामीण स्तर में सुधार हेतु संस्था द्वारा ग्राम – गिधावा (पांवद्वार) वि.ख.– नगरी, जिला – धमतरी में दिनांक 02/10/2018 ग्रामीणों के प्रेरक हेतु स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीणों के प्रेरक अवबोधन हेतु ग्रामीणो के साथ सहभागित होकर संस्था के सदस्यगण तथा अध्यक्ष द्वारा ग्राम की अस्वच्छ गलीयों की सफाई करते हुए स्वच्छता के महत्व उसके लाभ पर परिचर्चा की गई। स्वच्छता हमारे जीवन–यापन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है अस्वच्छता के कारण कई प्रकार की बिमारी से अवगत कराया गया। कूटा कचरा कूड़ादान का प्रयोग करे सुखा व गिला कचरा अलग–अलग रहे। स्वच्छ पेयजल उपयोग करे, शौचालय का प्रयोग करे, अधिक से अधिक पेड़ लगाये आपने आसपास सफाई रहे। संस्था के सचिव श्री हर्ष शर्मा द्वारा **“ गांव को स्वच्छ बनाना है बिमारी दुर भागना है”** का नारा दिया गया। गांव के सरंपच, सदस्यगण एवं ग्रामीणों द्वारा अपने गांव और आस–पास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने तथा भविष्य में इसी प्रकार ग्राम के प्रत्येक घर, गली तथा सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया।



## 04 मतदाता जागरूकता कार्यक्रम :–

संस्था द्वारा ग्राम चर्रा, ग्राम पंचायत लटियारा वि.ख.– नगरी जिला – धमतरी वर्तमान में होने वाले विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव में लोगो को जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष श्रीमति सावित्रि साहू द्वारा लोगो को मतदान के महत्व को बताते हुए कहा कि मतदान एकमात्र ऐसा साधन है जिससे आप स्वयं अपने देश का विकास निर्धारित कर सकते है। मत देने की शक्ति से वह अपने देश की भागदौड़ संभालने के लिए उनकी नजर में योग्य व्यक्ति को खुद चुन सकते हैं। हमारा भारत ही एक गणतंत्र राज्य है जहां सभी नागरिको को अपने सरकार चुने का पूरा अधिकार है। हर व्यक्तियों को मतदान करना जरूरी है। मतदान जाति, धर्म, अमीरी व गरीबी के आधार पर नही किया जाना चाहिए। ना ही किसी प्रकार के लालच में करना चाहिए सही प्रतिनिधियों का चुनाव ही देश को प्रगति व विकास की ओर ले जाता हैं।



संस्था द्वारा रैली के माध्यम से सभी गांवों वालो को जागरूक किया गया ग्रामीण के सभी लोगो ने मतदान के महत्व को समझा और संकल्प लिया।

## 05 योग दिवस कार्यक्रम :–

संस्था द्वारा 21/06/2018 को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम – भीतररास वि.ख.–नगरी, जिला – धमतरी में शिविर लगाकर योग दिवस का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें संस्था के सचिव एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे, ग्रामीण के सभी युवाओं और बच्चों ने इस योग दिवस कार्यक्रम में भाग ही नही बल्कि योग हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना महत्वपूर्ण इसे जाना है, संस्था के सविच श्री हर्ष शर्मा द्वारा योग दिवस के महत्व को बताते हुए कहा कि योग का अर्थ आत्मा का सार्वभौमिक चेतना से मिलना प्रातः योगा व्यायाम करने से केवल शरीर के अंगो बल्कि मन, मस्तिक और आत्मा में संतुलन बना रहता हैं। योग के माध्यम से आत्मिक संतुष्टि, शांति और ऊर्जावान चेतना की अनुभूति प्राप्त होती है, जिससे हमारा जीवन तनाव मुक्त तथा हर दिन सकारात्मक ऊर्जा रहता हैं। इससे कहते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



## 06 अंतिम मूल्यांकन कार्य :–

हमारी संस्था ग्रामीण विकास समिति, रायपुर को छ.ग.राज्य जलग्रहण प्रबंधन एंजेसी (CGSWMA) के वर्ष 2009–10 में स्वीकृत ्फ्डच परियोजनाओं के अंतिम मूल्यांकन कार्य हेतु दिनांक 28/02/2019 को संदर्भित पत्र कमांक 3145, दिनांक 28.02.2019 के माध्यम से मूल्याकंनकर्ता नियुक्त किया गया हैं, जिसके अंतर्गत 09 जिलो के 16 IWMP परियोजनाओं का अंतिम मूल्यांकन किया जाना हैं।

छ.ग.राज्य जलग्रहण प्रबंधन एंजेसी (CGSWMA) से परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी (ग्राम, माइक्रोवाटर शेड कोड, मध्यावर्ती मूल्याकंन प्रतिवेदन, भौगोलिक क्षेत्रफल और उपचारित क्षेत्रफल इत्यादि की जानकारी) उपलब्ध होने के बाद अंतिम मूल्याकंन का कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ किया जायेगा।

# 07 कवि सम्मेलन :–

संस्था द्वारा कार्यालय कलेक्टर जिला राजनांदगांव (छ.ग.) कार्यादिश क्रमांक 5334/ज्ये. लि.–2/2018 राजनांदगांव, दिनांक 02.06.2018 कवि सम्मेलन संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व रायपुर द्वारा कार्यक्रम आयोजन किया गया है। सभी राजनांदनां कवि सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

| क्र. | कवियों का नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 1 | पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे | |
| 2 | कवि श्रीमान् महेश दुबे | मुंबई |
| 3 | कवि श्रीमान् कृष्ण कुमार भारती | बेमेतरा |
| 4 | कवि श्रीमान् कौशल साहू | |
| 5 | कवि श्रीमान् संजय कबीर शर्मा | रायपुर |
| 6 | कवि श्रीमान् किशोर तिवारी | |







इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी कवियों ने अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया आये हुए कार्यक्रम में सभी लोग बहुत आनन्दीत हुए कार्यक्रम में उपस्थित संस्था की अध्यक्ष श्रीमति प्रेमीन साहू एवं सचिव श्री भरत लाल साहू के साथ सभी सदस्यगण भी उपस्थित थे।